राजस्थान सरकार
<u>मंत्रिमण्डल सचिवालय</u>

विषयः— दिनांक 7—8 अगस्त, 2024 को जिला प्रभारी मंत्रिगण के दौरा/भ्रमण के संबंध में।

मा0 मुख्यमंत्री महोदय द्वारा जिला प्रभारी मंत्रिगण को अपने प्रभार वाले जिले/जिलों का दौरा कर **मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान एवं बजट घोषणाओं** के त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन एवं प्रचार—प्रसार करने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये हैं ।

निर्देशानुसार समस्त जिला प्रभारी मंत्रिगण दिनांक 7 व 8 अगस्त, 2024 को अपनी सुविधानुसार प्रभार वाले जिले/जिलों का दौरा/भ्रमण कर, निम्नांकित बिन्दुओं के संबंध में जिला प्रभारी सचिवगण, जिला कलक्टर एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर, समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित करेगें :—

1. दिनांक 10 जुलाई, 2024 को परिवर्तित बजट वर्ष 2024—25 में की गई घोषणाओं की क्रियान्विति ।
2. दिनांक 16.7.2024 को मा0 वित्त मंत्री महोदया द्वारा सामान्य वाद—विवाद पर की गई घोषणाओं की क्रियान्विति ।
3. दिनांक 29.7.2024 को मा0 मुख्यमंत्री महोदय द्वारा वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान की घोषणाओं की क्रियान्विति ।
4. बजट घोषणाओं हेतु आवश्यक भूमि चिन्हीकरण और आवंटन को गति देने का कार्य, तथा
5. मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत दिनांक 7.8.2024 को **''हरियालो राजस्थान''** वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होना एवं कतिपय वृक्षारोपण स्थलों का भौतिक निरीक्षण करना ।

अतः कृपया मा0 मंत्री महोदय से दिनांक 7 व 8 अगस्त को अपने प्रभार वाले जिले/जिलों में दौरा/भ्रमण हेतु अनुरोध करने का श्रम करें। साथ ही, उक्त प्रत्येक बिन्दु पर मंत्री महोदय के स्तर पर हुई समीक्षा/निरीक्षण की रिपोर्ट दौरे के तुरन्त बाद सीधे ही मुख्यमंत्री कार्यालय को भिजवाने तथा एक प्रति इस सचिवालय को भी भिजवाने का अनुरोध करें ।

(सुधीर कुमार शर्मा)
शासन सचिव

विशिष्ट सहायक/निजी सचिव
<u>समस्त उप मुख्यमंत्री/मंत्री/राज्य मंत्री</u>
अशा.टीप क्रमांक प. 11(31)मं.मं./2024
जयपुर, दिनांकः 5.8.2024

RajKaj Ref
9547490

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. अति0 मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान ।
2. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान ।
3. शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग ।
4. समस्त संभागीय आयुक्त/जिला कलक्टर को प्रेषित कर लेख है कि कृपया प्रभारी मंत्रिगण से सम्पर्क एवं समन्वय कर कार्यक्रम का आयोजन करावें ।
5. आयुक्त, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग ।
6. प्रोग्रामर, सामान्य प्रशासन विभाग ।

शासन सचिव

RajKaj Ref
9547490

Document certified by SUDHIR KUMAR SHARMA <VABOSI8498@LIEBOE.COM>.

Digitally Signed by Sudhir Kumar Sharma
Designation : Secretary To Government
Date :05-08-2024 02:34:48